दिन– शुक्रवार                                                                                    दिनांक– 20 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्‌न 03:10 बजे से।                                                                  अवधि – 05 मिनट

---

पटना के ज्ञान भवन में आयोजित बिहार बिजनेस कनेक्ट ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में विभिन्न सेक्टर की प्रमुख कंपनियों के साथ एक लाख अस्सी हजार करोड़ रूपये के निवेश पर सहमति बनी है। इसमें प्रमुख रूप से अडाणी ग्रुप की ओर से राज्य में बीस हजार करोड़ रूपये की लागत से थर्मल प्लांट स्थापित की जाने की घोषणा की गयी है। अडाणी एंटरप्राईजेज के निदेशक प्रणव अडाणी ने कहा कि अडाणी समूह बिहार में अन्य कई हजार करोड़ रूपये की परियोजनाओं पर काम कर रहा है, जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। वहीं, सन पेट्रोकेमिकल्स के एमडी दिलीप सांघवी ने बिहार में छत्तीस हजार सात सौ करोड़ रुपये निवेश करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह निवेश अक्षय ऊर्जा और ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर में तीस हजार से अधिक नौकरियां सृजित करेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अस्वस्थ होने के कारण समिट में शामिल नहीं हो पाये। मुख्यमंत्री का संदेश लेकर पहुंचे ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार में उद्योगों के लिए तैयार हुए अनुकूल माहौल का पूरा लाभ प्रदेश के लोगों को मिलेगा। वहीं, उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने समिट को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार ने नेगेटिव ग्रोथ रेट से अपनी यात्रा शुरू की थी, लेकिन आज यह प्रगति करते हुए भारत के प्रमुख विकास इंजन के रूप में अपनी पहचान बना चुका है।

———————————————————————

एक राष्ट्र– एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेज दिया गया है। समिति में लोकसभा के सत्ताईस सदस्य और राज्यसभा के बारह सदस्य शामिल हैं। आज लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक सौ उनतीसवां संशोधन विधेयक, दो हजार चौबीस और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक, दो हजार चौबीस को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव पेश किया। यह समिति संसद के अगले सत्र तक अपनी रिपोर्ट सदन को सौंप देगी। इधर, संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही हंगामे के कारण अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी।

———————————————————————

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा है कि भारत की यूपीआई भुगतान प्रणाली डिजिटल भुगतान में एक वैश्विक क्रांति बन गई है। श्री जाधव ने आज नई दिल्ली में जनधन और आधार के बारे में मीडिया से बातचीत में कहा कि पिछले महीने इक्कीस लाख करोड़ रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन किए गए।

———————————————————————————

पटना के दानापुर स्थित चांदमारी मैदान में आज से अग्निवीर भर्ती रैली शुरू हो गयी है। भर्ती निदेशक कर्नल करण मेहता ने बताया कि छब्बीस दिसम्बर तक आयोजित रैली में राज्य के सात जिलों— पटना, बक्सर, भोजपुर, सीवान, सारण, गोपालगंज और वैशाली जिले के पुरूष अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। वहीं, सत्ताईस दिसम्बर को बिहार और झारखंड की महिला उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर रैली का आयोजन किया जाएगा।

———————————————————————————

पूरबा हवा का प्रभाव कम होने से कल से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में एक बार फिर ठंड में बढ़ोतरी की सम्भावना है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिन के दौरान न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। विभाग ने कहा है कि इस दौरान सुपौल, पूर्णिया, कटिहार, सहरसा, किशनगंज और भागलपुर जिले के अधिकांश स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना है। वहीं, राज्य के अन्य जिलों में हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा। इधर, आज रोहतास का डेहरी और समस्तीपुर का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान सात दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, औरंगाबाद का न्यूनतम तापमान आठ दशमलव एक और राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान बारह दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।